Daily Current Affairs 03 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. छत्तीसगढ़ के रायपुर में तीसरे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का किया जा रहा आयोजन
• 01 नवंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर में तीसरे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आदिवासी परंपरा के अनुरूप नगाड़ा बजाकर शुभारंभ किया गया। यह महोत्सव 1 से 3 नवंबर, 2022 तक आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्योत्सव में विदेशों के 100 कलाकारों सहित देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1500 जनजातीय कलाकार आदिवासी संस्कृति के इंद्रधनुषी रंग बिखेरने के लिये जुटे हैं।

2. जयपुर के प्रो. रमेश अरोडा को पहला राजेंद्र प्रसाद अवॉर्ड
• पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर, डीन व मैनेजमेंट डवलपमेंट एकेडमी के चेयरपर्सन प्रो. रमेश अरोड़ा को देश का पहला डॉ. राजेंद्र प्रसाद अवॉर्ड उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर से को दिया गया। पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के क्षेत्र में सर्वोच्च योगदान के लिए यह अवॉर्ड इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन नई दिल्ली की ओर से इसी साल से शुरू किया गया है।
• डॉ. अरोड़ा को इससे पहले 2021 में भारत सरकार के सेंट्रल हिंदी इंस्टीट्यूट की ओर से सरकार द्वारा राजऋषि पुरुषोत्तम दास टंडन अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। 60 से ज्यादा किताबों के लेखक और सम्पादक प्रो. अरोड़ा को आइआइपीए का पॉल एपल बी अवार्ड भी मिल चुका है।

3. स्पेसएक्स ने 3 साल में पहला फाल्कन हेवी रॉकेट किया लॉन्च
• 01 नवंबर, 2022 को स्पेसएक्स ने दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट 'फाल्कन हेवी' को लॉन्च किया है। फाल्कन हेवी जो कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली सक्रिय रॉकेट है, फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से लगभग तीन साल बाद पहली बार लॉन्च किया गया है। इस मिशन के तहत फाल्कन हेवी रॉकेट से अमेरिकी स्पेस फोर्स के सैटेलाइटों कोअंतरिक्ष में भेजा गया है। यह मिशन स्पेस फोर्सद्वारा वर्षों से विलंबित था।

4. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश के होलोंगी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नाम डोनी पोलो हवाई अड्डा करने की दी मंजूरी
• हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के होलोंगी में स्थित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नामकरण “डोनी पोलो हवाई अड्डा, ईटानगर” के रूप में करने को मंजूरी दी है।
• अरुणाचल प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा इस हवाई अड्डे का नाम ‘डोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर’ रखने का प्रस्ताव पारित किया गया था। यह नाम इस राज्य की परंपराओं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक सूर्य (डोनी) और चंद्रमा (पोलो) के प्रति लोगों के सम्मान को दर्शाता है।

5. फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष डबल्स का खिताब जीता
• हाल ही में पेरिस में फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2022 में भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष डबल्स का खिताब जीता है। फाइनल में इस जोड़ी ने चीन-ताइपेई के लू चिंग याओ और यांग पो हान की जोड़ी को लगातार सेटों में 21-13, 21-19 से हराया। फ्रेंच ओपन बैडमिंटन में पहली बार भारतीय जोड़ी ने पुरुष डबल्स का खिताब जीता है।

6. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने भारत का पहला फ्लोटिंग वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 03 November 2022

• संचार मंत्रालय के डाक विभाग के तहत स्थापित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने वित्तीय साक्षरता कोV बढ़ावा देने के लिए 'निवेशक दीदी' नामक पहल के साथ श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में भारत का पहला फ्लोटिंग वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया।

7. UAE के शारजाह में 41वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला का किया जा रहा आयोजन

• भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय का प्रकाशन विभाग दुनिया के सबसे प्रसिद्ध पुस्तक मेलों में से एक 41वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भाग ले रहा है। शारजाह बुक अथॉरिटी (SBA) द्वारा आयोजित इस 12 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन 2 नवंबर से 13 नवंबर, 2022 के दौरान संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह स्थित एक्सपो सेंटर में किया जा रहा है। मेले की इस वर्ष की थीम 'स्प्रेड द वर्ड' है। यह पुस्तक मेला दुनिया भर के कई पुरस्कार विजेता लेखकों, बुद्धिजीवियों एवं अन्य साहित्यिक हस्तियों की मेजबानी करेगा।

8. बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने एडवर्ड एम कैनेडी को 'फ्रेंड्स ऑफ लिबरेशन वॉर' सम्मान से नवाजा

• हाल ही में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेश की मुक्ति में योगदान के लिए ढाका में पूर्व अमेरिकी सीनेटर एडवर्ड एम कैनेडी को मरणोपरांत प्रतिष्ठित 'फ्रेंड्स ऑफ लिबरेशन वॉर' सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान उनके बेटे एडवर्ड एम टेड कैनेडी जूनियर को सौंपा गया। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने एडवर्ड कैनेडी सीनियर के योगदान को आभार के साथ याद किया।

9. केरल करेगा ट्रैक एशिया कप 2022 की मेजबानी

• केरल साइकिलिंग के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक ट्रैक एशिया कप 2022 की मेजबानी करेगा। 25 से 28 नवंबर, 2022 तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए एलएनसीपीई आउटडोर वेलोड्रोम पूरी तरह तैयार है। प्रतियोगिता में एशिया के 25 से अधिक देशों के लगभग 200 प्रतिस्पर्धी हिस्सा लेंगे। पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली से बाहर किया जा रहा है।

10. मशहूर सोशल वर्कर इलाबेन भट्ट का हुआ निधन

• 02 नवंबर, 2022 को प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता इलाबेन भट्ट का 89 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। वे स्व-रोजगार महिला संघ (सेवा) की संस्थापक थी। उन्हें वर्ष 1977 में रेमन मैगसेसे पुरस्कार, वर्ष 1984 में राइट लाइवलीहुड पुरस्कार और वर्ष 2010 में निवानो शांति पुरस्कार से नवाज़ा गया था।

Resultuniraj.co.in